# 'बापू के सिद्धांत आज भी विश्व में शांति और न्याय की स्थापना में मार्गदर्शक'

- दो मिनट का मौन रखकर शहीद दिवस पर अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी गई
- गांधी पार्क में गूंजे महात्मा गांधी के प्रिय भजन

**बीकानेर,** (कासं)। शहीद दिवस पर सोमवार को जिले में विभिन्न स्थानों पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। दो मिनट का मौन रखकर देश की आजादी में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले शहीदों को भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

गांधी पार्क में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में संभागीय आयुक्त डॉ नीरज के. पवन, जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल, सीईओ जिला परिषद नित्या के. सहित अन्य अधिकारियों ने गांधीजी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में गांधीजी के प्रिय भजनों की प्रस्तुति दी गई और रामधुन बजाई गई। स्काउट गाइड की ओर से रघुपति राघव राजा राम वैष्णव जन तो तेने कहिए.. हम होंगे कामयाब.. सहित अन्य भजनों की प्रस्तुति दी गई।

इस अवसर पर संभागीय आयुक्त डॉ नीरज के पवन ने कहा कि महात्मा गांधी के सिद्धांत आज भी सम्पूर्ण विश्व में शांति और न्याय की स्थापना हेतु मार्गदर्शक हैं। जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने कहा कि सत्य और अहिंसा के सिद्धांत के साथ जीवन जीकर महात्मा गांधी ने विश्व को प्रेम और शांति का संदेश दिया। अहिंसा के हथियार से बड़ी से बड़ी शक्तियों को पराजित किया। आज का दिन गांधीजी के जीवन दर्शन पर चलने का संकल्प लेने का है।

इस अवसर पर संभागीय आयुक्त डॉ नीरज के. पवन ने कुष्ठ रोग उन्मूलन की शपथ की दिलवाई। कार्यक्रम का संचालन संजय पुरोहित ने किया। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) ओमप्रकाश, अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर पंकज शर्मा, नगर विकास न्यास सचिव यशपाल आहूजा, नगर निगम आयुक्त अरूण प्रकाश शर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मोहम्मद अबरार पंवार, डिप्टी सीएमएचओ डॉ लोकेश गुप्ता, स्काउट गाइड के सीओ जसवंत सिंह राजपुरोहित सहित अन्य गणमान्य नागरिक व स्काउट गाइड कैडेट्स मौजूद थे।

**संगोष्ठी आयोजित :** महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर सोमवार को शांति और अहिंसा विभाग तथा जिला प्रशासन द्वारा महात्मा गांधी अतीत ही नहीं भविष्य भी है विषयक जिला स्तरीय संगोष्ठी राजकीय गंगा चिल्ड्रन स्कूल में आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राजकीय डूंगर महाविद्यालय के डॉ नरेंद्र नाथ थे। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने दुनिया को सत्य और अहिंसा के पथ पर चलने की राह दिखाई। उनके सिद्धांत सदैव प्रासंगिक रहेंगे।

शांति और अहिंसा विभाग के जिला संयोजक संजय आचार्य ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बापू के सिद्धांतों और आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए शांति और अहिंसा विभाग की स्थापना की है। राजस्थान देश का पहला राज्य है जहां यह विभाग गठित किया गया है।

गांधी दर्शन समिति के विधानसभा संयोजक मनोज व्यास ने कहा कि भारत ने दुनिया को बुद्ध और योग के अलावा बापू के सिद्धांत के अलावा बुद्ध और योग दिया है। आज पूरी दुनिया बापू के दिखाये रास्ते पर चल रही है। शिक्षाविद मनोज बजाज ने कहा कि बच्चों को महात्मा गांधी के व्यक्तित्व और कृतित्व से सीख लेनी चाहिए। उन्होंने बापू के जीवन के विभिन्न प्रसंगों के बारे में बताया।

सहायक निदेशक जनसंपर्क हरिशंकर आचार्य ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक जिले में संगोष्ठियों का आयोजन हो रहा है। प्रधानाचार्य ज्योति स्वामी ने विद्यालय द्वारा महात्मा गांधी के जीवन पर आधारित कार्यक्रमों के बारे में बताया। इससे पहले हिमांशु कंचन और नीशू ने महात्मा गांधी के जीवन पर आधारित गीत और कहानियां प्रस्तुत की।

कार्यक्रम का संचालन गोपाल जोशी ने किया। उपप्राचार्य दिनेश आचार्य ने आगंतुकों का आभार जताया। जिला परिषद के चतर सिंह जनसंपर्क कार्यालय के परमनाथ सिद्ध सहित स्कूल के स्टाफ सदस्य और विद्यार्थी मौजूद थे।

वहीं श्रीगंगानगर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि शहीद दिवस पर सोमवार को उन्हें याद किया गया। मौन रखकर शहीदों को श्रृद्धांजलि दी गई। जिला कलेक्ट्रेट में हुए आयोजन में एसडीएम मनोज मीणा के निर्देशन में दो मिनट का मौन रखा गया। कलेक्ट्रेट की विभिन्न शाखाओं के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।




# खाद्य सुरक्षा में अब दस की जगह पांच किलो गेहूं मिलेगा

- केन्द्र सरकार की ओर से कोविड के समय में शुरू की गई योजना को बंद करने से जिले के 12.50 लाख सदस्य प्रभावित होंगे

**बीकानेर,** (कासं)। खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित दो लाख 84 हजार परिवार के सदस्यों को जनवरी से प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना का पांच किलो प्रति व्यक्ति गेहूं नहीं मिलेगा।

केन्द्र सरकार की ओर से कोविड के समय में शुरू की गई योजना को बंद करने से जिले के 12.50 लाख सदस्य प्रभावित होंगे। अब सदस्यों को खाद्य सुरक्षा योजना में दो रूपए प्रति किलो की दर से मिलने वाला पांच किलो गेहूं निशुल्क उपलब्ध होगा। अभी तक दोनों योजनाओं को मिलाकर प्रति व्यक्ति को दस किलो गेहूं मिलता था। ऐसे में अब हर महीने 61 हजार क्विंटल गेहूं का ही वितरण होगा। केन्द्र सरकार योजना को पहले दो बार बढ़ा चुकी है।

डीएसओ ग्रामीण भागूराम महला ने बताया कि वर्तमान में दिसम्बर 22 के गेहूं का स्टॉक वितरित किया जा रहा है। वार्षिक आय एक लाख रूपए से ज्यादा है तो नहीं बनेगा कार्ड। नए आवेदनों में भी अगर किसी परिवार की वार्षिक आय एक लाख रूपए वार्षिक से ज्यादा है तो वह एनएफएसए चयन के लिए अपात्र होगा।

सरकार ने अपात्रता के लिए छह श्रेणियां निर्धारित हैं। इसमें आवेदक परिवार का कोई भी सदस्य आयकर दाता होने, परिवार का सदस्य सरकारी, अर्द्धसरकारी, स्वायत्तशासी संस्था में नियमित कर्मचारी होने, एक लाख रूपए वार्षिक से ज्यादा पेंशन, चोपहियां वाहन, नगर परिषद क्षेत्र में एक हजार वर्ग फीट और पालिका क्षेत्र में 1500 वर्ग फीट का पक्का आवासीय या व्यावसायिक परिसर एवं ग्रामीण क्षेत्र में 2000 वर्ग फीट से बड़ा पक्का मकान होने पर अपात्र माना जायेगा।

खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जुड़वाने के लिए आये 75 हजार फार्मों की जांच चल रही है। 33 हजार का निस्तारण अभी किया जाना बाकी है। 15 हजार सदस्यों के नाम जोड़ दिए गए हैं। 1400 आवेदकों के फार्मों को खारिज किया गया है।

27 हजार फार्म खामियों के चलते ई-मित्रा को भेजे हुए हैं। अप्रैल 22 में फार्म भरे गए थे। 12 दिन बाद पोर्टल को 28 मई तक के लिए फिर खोला गया था। फिर और आवेदकों के फार्म जमा हुए थे।

## वाउचर योजना में आवेदन 31 तक

**बीकानेर,**(कासं)। अम्बेडकर डीबीटी वाउचर योजना के तहत आवेदन करने के लिए अंतिम तिथि 31 जनवरी तक बढ़ा दी गई है।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी शहजाद अहमद ने बताया कि जिला मुख्यालय पर संचालित समस्त स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के राजकीय महाविद्यालय के पाठ्यक्रम में अध्ययनरत पेइंग गेस्ट के रूप में रहने करने वाले छात्रों अल्पसंख्यक समुदाय, मुस्लिम, सिक्ख, जैन, ईसाई, बौद्ध एवं पारसी के आवास भोजन पानी बिजली इत्यादि सुविधा हेतु पुनर्भरण राशि के रूप में इस योजना के तहत प्रति माह 2 हजार रूपये प्रतिवर्ष अधिकतम 10 माह हेतु दिए जाने का प्रावधान है। योजना के तहत लाभ लेने के इच्छुक छात्र ई-मित्र या एसएसओ आईडी के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की वेबसाइट देखी जा सकती है।

# गैस एजेंसी के एजेंट से डेढ़ लाख रूपये की लूट

- गैस एजेंसी का एजेंट कलेक्शन लेकर लौट रहा था कोठारी अस्पताल के पास बाइक पर आये दो युवक बैग छीन ले गए
- बीकानेर शहर में चौबीस घंटे में लूट की तीसरी वारदात

**बीकानेर,** (कासं)। लूट की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही है। पिछले चौबीस घंटे में चौथी लूट हो गई है। इस बार गैस एजेंसी के एजेंट से डेढ़ लाख रूपये लूट लिए। इससे पहले सदर थाना एरिया में हीरा ज्वैलर्स, कोटगेट थाना एरिया में पान की दुकान पर भी लूट का प्रयास हो चुका है।

ताजा मामला नयाशहर थाना क्षेत्र में कोठारी अस्पताल के पास का है। जहां गैस एजेंसी का एजेंट कलेक्शन लेकर लौट रहा था। इसी दौरान बाइक पर आये दो युवक बैग खींच कर ले गए। इस बैग में करीब डेढ़ लाख रूपये थे, जो लुटेरे ले गए। घटना की जानकारी मिलते ही नयाशहर पुलिस भी मौके पर पहुंची। बाद में सीओ सदर दीपचंद भी मौके पर पहुंचे। अब कोठारी अस्पताल और आसपास के क्षेत्रों में सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। कुछ जगह के फुटेज पुलिस को मिले हैं, जिसमें दोनों युवक नजर आ रहे हैं। हालांकि पुलिस ने अब तक ये फुटेज सार्वजनिक नहीं किए हैं। इससे पहले रविवार को गजनेर रोड पर भी लूट की घटना हुई। जहां दुकान के अंदर घुसकर एक युवक सोने की अंगूठी पहनने के बाद लूट करने लगा। यहां दुकानदार सांवरलाल सोनी ने हिम्मत दिखाते हुए लूट करने वाले युवक को पकड़ने का भी प्रयास किया।

## सार-समाचार

### आपदा प्रबंधन मंत्री का स्वागत किया

**बीकानेर,** (कासं)। आपदा एवं सहायता विभाग मंत्री गोविंद राम मेघवाल का रविवार देर शाम जयपुर रोड स्थित आर. के. पुरम कॉलोनी में आर. के. पुरम विकास समिति की ओर से स्वागत किया गया। इस दौरान मेघवाल को साफा शॉल एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर आपदा मंत्री मेघवाल ने आमजन से सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने और आपसी सद्भाव बनाये रखने का आव्हान किया। आपदा मंत्री ने कहा कि सरकारी कार्मिकों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू करना कर्मचारी कल्याण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे कार्मिकों का भविष्य सुरक्षित हो सकेगा। आर. के. पुरम विकास समिति के अध्यक्ष के. के. शर्मा ने कॉलोनी में पेयजल पाइपलाइन बिछवाने एवं कॉलोनी को सीवरेज से जुड़वाने की बात कही। कमेटी के कोषाध्यक्ष मांगीलाल कस्वा ने पार्कों को डवलप करने की आवश्यकता जताई। मेघवाल ने इन कार्यों को शीघ्र करवाने का आश्वासन दिया। कमेटी के सदस्य महेन्द्र मारवाल, पूर्व अध्यक्ष किशोर सिंह मेड़तिया, गुलाबचंद चौधरी, संदीप श्योराण, राजेन्द्र स्वामी, किशन खिलेरी, कमलजीत सिंह, अनुज सुरोलिया, विजय पटवा, पूर्व प्रधान चंद्रभान लेघा, अनिल चौधरी, विजय चोटिया, प्रवीण लबोरिया, अजय कांटीवाल, देवाराम आदि मौजूद थे।

### सैनेटरी नेपकिन इकाई का अवलोकन

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिला कलेक्टर सौरभ स्वामी ने सोमवार को राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद द्वारा मिर्जेवाला स्थित नई किरण सैनेटरी नेपकिन निर्माण इकाई का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यहां कार्यरत महिलाओं से बातचीत भी की। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार की ओर से विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। राजीविका के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में राजीविका से जुड़ी महिलाओं के स्वयं सहायता समूह द्वारा आचार, पापड़, मुरब्बा, खिलौने, सैनेटरी नेपकिन, फाइल पैडगत्ता कवर सहित अन्य उत्पाद बनाये जा रहे हैं। जिला प्रशासन की ओर से राजीविका मार्ट और राज सखी कैफे के जरिये महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने महिलाओं से आव्हान किया कि वे सैनेटरी नेपकिन के साथ-साथ डायपर भी तैयार करते हुए ओपन मार्केट में इसकी बिक्री करें। रा इस अवसर पर प्रशिक्षु आईएएस प्रतीक जुईकर और राजीविका जिला प्रंबधक चन्द्रशेखर सहित अन्य मौजूद थे।

# नाबालिग को भगाने का मुकदमा दर्ज

- लड़की के पिता ने नोखा थाने में मुकदमा दर्ज कराया

**नोखा,** (निसं)। नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए एक पिता ने नोखा थाने में मामला दर्ज करवाया है। नाबालिग लड़की के पिता ने गांव के ही जयपाल बिश्नोई पर लड़की को भगाने का आरोप लगाया है।

पिता ने रिपोर्ट में बताया कि उसके फोन पर गांव का ही जयपाल बिश्नोई फोन करता है। वो फोन उठा लेता है, तो फोन काट देता है। आरोपी युवक उसकी बेटी को छुप-छुपकर फोन करता है। लड़की के पिता ने बताया कि उसने जयपाल के पिता को भी इस बारे में बताया लेकिन जयपाल नहीं माना। जयपाल अपने साथियों के साथ मोटरसाइकिल लेकर उसके घर के चक्कर लगाता रहता है। उसने कई बार मना किया लेकिन वह नहीं माना। 28 जनवरी को वो परिवार समेत सो गया। कमरे में उसकी बेटी सो रही थी। रात को उसके फोन पर मैसेज आया जिससे उसकी नींद खुल गई। इस दौरान बेटी कमरे में नहीं थी। उसने इधर- उधर देखा तो नहीं मिली। उसके फोन पर मैसेज करने वाले का पता किया तो लक्की बॉय पूनम लिखा हुआ था। पिता ने आरोप लगाया कि उसकी बेटी को जयपाल और उसके साथी बहला फुसलाकर भगा ले गए।

## 66065.44 क्विंटल गेहूं आवंटित

**बीकानेर,** (कासं)। खाद्य सुरक्षा योजना अंतर्गत खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा जिले को मार्च माह के लिए 66065.44 क्विंटल गेहूं आवंटित किया गया है।

कलेक्टर रसद भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि गेहूं का वितरण अंत्योदय, बीपीएल, स्टेट बीपीएल एवं पीएचएच अन्य श्रेणी के राशन कार्डधारकों को निःशुल्क किया जायेगा। कलाल ने 28 फरवरी तक समस्त गेहूं का उठाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उचित मूल्य दुकानदारों द्वारा अंत्योदय परिवारों को 35 किलोग्राम प्रति राशनकार्ड, बीपीएल, स्टेट बीपीएल तथा पीएचएच अन्य श्रेणी राशनकार्ड धारियों को 5 किलोग्राम प्रति व्यक्ति गेहूं वितरित किया जायेगा।

# इंजीनियरिंग कॉलेज में पावर क्वालिटी समस्या पर प्रशिक्षण

- राष्ट्रीय स्तर के इस कार्यक्रम में गुणवत्ता युक्त बिजली सप्लाई पर होगी चर्चा

**बीकानेर,** (कासं)। इंजीनियरिंग कॉलेज बीकानेर ईसीबी में पावर क्वालिटी समस्याएं एवं समाधान विषयक पांच दिवसीय राष्ट्रीय अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को ऑनलाइन माध्यम से हुआ। राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रक्षिशण एवं अनुसंधान संस्थान चंडीगढ़ द्वारा प्रायोजित इस कार्यक्रम में देश-विदेश से विभिन्न तकनीकी विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के शिक्षक अनुसंधान प्रयोगशालाओं में कार्य करने वाले इंजीनियर एवं शोधार्थी भाग ले रहे हैं।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के समन्वयक डॉ गणेश प्रजापत ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में देश की विभिन्न आईआईटीए, एनआईटी एवं राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों के विषय विशेषज्ञ अपना व्याख्यान दे रहे हैं। उन्होंने बताया की कम गुणवत्ता युक्त बिजली के सप्लाई होने से सिंचाई के लिए प्रयुक्त कृषि कुओं में लगी हुई मोटर जलना आज के समय आम बात है जिससे किसानों को आर्थिक हानि का सामना करना पड़ता है। यह प्रशिक्षण शोधार्थियों का इस और ध्यान आकर्षित करायेगा और इसके हल निकलने में मदद करेगा। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रक्षिशण एवं अनुसंधान संस्थान चंडीगढ़ की प्रो. शिमि एस. एल. ने बताया की गुणवत्ता युक्त बिजली की आज के समय जरूरत है और शोधार्थियों को इस और ध्यान देना चाहिए। घरेलु या कृषि उपयोग में आने वाली बिजली के वोल्टेज में उतार-चढ़ाव या अस्थिरता से बहुत बार उपकरण जल जाते हैं जिस पर बहुत कम ध्यान दिया जाता है। उन्होंने इस तरह के कार्यक्रमों की उपयोगिया पर प्रकाश डाला और कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण महाविद्यालयी शिक्षकों एवं शोधाथिर्यों के लिए जरुरी है एवं इससे उनमें नवाचार करने की प्रेरणा मिलती है। कार्यशाला पर बात करते हुए अभियांत्रिकी महाविद्यालयए बीकानेर के प्राचार्य डा मनोज कुड़ी ने कहा की इस तरह के कार्यकर्मों के आयोजन से महाविद्यालय के शिक्षकों का ज्ञानार्जन होता है जिसका फायदा अंततः छात्रों को मिलता है।

## घड़साना में सरकारी कॉलेज की मांग

**अनूपगढ़,** (कासं)। घड़साना में एसएफआई के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र में राजकीय कॉलेज खोलने की मांग को लेकर राज्य विमुक्त घुमंतु अर्द्ध घुमंतु कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष चतराराम देशबंधु को ज्ञापन सौंपा।

एसएफआई के पदाधिकारियों का एक शिष्टमंडल जिला अध्यक्ष शोभा सिंह ढिल्लो के नेतृत्व में चतराराम देशबंधु से मिला और घड़साना में राजकीय कॉलेज खोलने की मांग की। चतराराम देशबंधु दो दिवसीय कार्यक्रम को लेकर घड़साना पहुंचे। जहां एसएफआई संगठन के पदाधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने राजकीय कॉलेज की मांग को लेकर मुलाकात की। वहीं धान मंडी प्रांगण में हुए कार्यक्रम शोभा सिंह ढिल्लो के नेतृत्व में घड़साना के सैकड़ों युवाओं ने एसएफआई के बैनर तले प्रदर्शन करते हुए राजकीय कॉलेज खोलने के लिए ज्ञापन दिया।

MANAPPURAM FINANCE LTD.
CIN-L65910KL1992PLC006623,
IV/470A (old) W638A(New), Manappuram House,
Valapad, Thrissur, Kerala - 680 567.

**निलामी सूचना**

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16.02.2023 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुनः सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :
बीकानेर, आदर्श कॉलोनी, 117680700022517, गंगानगर, सुखाड़िया सर्कल, 117490700020070, 117490730019699, 9760, सूरतगढ राजस्थान, 135560700021205, 135560730044152,

**उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा:- इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रू.10,000/- नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचना प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 9072604049 पर संपर्क करें.**

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.

# महिलाओं के विषयों पर जागृति एवं संवेदनशीलता बढ़ाने की जरूरत : जोधा

**बीकानेर,** (कासं)। महिला संबंधी वर्जनाओं पर मंथन और मोबाइल फोन पर इसके विभिन्न आयामों पर शॉर्ट फिल्म बनाने संबंधी तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आगाज महिला प्रकोष्ठ ईएलटीआई बीकानेर चैप्टर और कथागो के संयुक्त तत्वावधान में डूंगर महाविद्यालय में हुआ।

परंपरागत समाज में अनेक प्रकार के प्रतिबंधों और वर्जनाओं के बीच जीने के लिए महिलाएं अभिशप्त होती हैं। यहां तक कि उन विषयों पर बात करना भी वर्जित समझा जाता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ शशिकांत आचार्य द्वारा किया गया। मासिक धर्म मर्दानगी जैसे अनेक मुद्दों के बारे में समाज और युवाओं को संवेदनशील बनाने संबंधी इस राष्ट्रीय कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में विषय प्रवर्तन करते हुए डॉ अविनाश जोधा ने इस विचार पर काम करने की आवश्यकता के कारणों पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह विषय जब तक खुलकर युवाओं के द्वारा नहीं उठाए जायेंगे तब तक समाज में परिवर्तन की लहर नहीं आ पायेगी। हमें इन सब विषयों पर जागृति एवं संवेदनशीलता को बढ़ाने के प्रयासों की महती आवश्यकता है। जिन विषयों पर बात करना भी अभी तक वर्जित माना जाता है। उन विषयों पर व्यापक स्तर पर बातचीत की गई और उसमें नैतिक सामाजिक आर्थिक एवं मानसिक बाधाओं के बारे में पता चला। कई सारे लोग माहवारी जैसे विषय पर बात भी नहीं करना चाहते थे। जबकि बहुत बड़ी संख्या में लोगों ने इस विषय पर अपने विचार खुलकर रखे।

विद्यार्थियों ने सौ से अधिक लोगों से इन विषयों पर बातचीत की। विद्यार्थियों द्वारा बनाई जाने वाली शॉर्ट फिल्मस को कार्यशाला के अंतिम दिन प्रदर्शित किया जायेगा। कार्यशाला संयोजक डॉ इंद्रा बिश्नोई कार्यशाला आयोजन सचिव डॉ अनिला पुरोहित एवं उपप्राचार्य डॉ इंद्र सिंह राजपुरोहित ने कार्यशाला को लेकर अपने विचार प्रस्तुत किए।

## बाबूलाल नोहर ब्लॉक अध्यक्ष बने

**हनुमानगढ़,** (कासं)। पूर्व पालिकाध्यक्ष बाबूलाल खाती को कांग्रेस पार्टी ने नोहर ब्लॉक अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी है। विधायक अमित चाचाण की अभिशंषा पर प्रदेश कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने ये नियुक्ति की है। बाबूलाल खाती को ब्लॉक अध्यक्ष बनाये जाने पर खुशी जताते हुए कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर खुशी जताई।

# कार पलटने से बच्ची की मौत

**हनुमानगढ़,**(कासं)। जिले के जंक्शन सिटी थाना क्षेत्र के रोड़ावाली गांव के पास चलती कार का टायर फट गया। हादसे में कार बेकाबू होकर पलट गई। कार के पलटने से 6 साल की मासूम की मौत हो गई। वहीं हादसे में 3 लोग घायल हो गए।

घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में जंक्शन पुलिस थाने में कार ड्राइवर ने किसी प्रकार की कार्रवाई करने से इनकार करने का प्रार्थना पत्र दिया है। जिला अस्पताल चौकी प्रभारी अंग्रेज सिंह ने बताया कि जंक्शन से अबोहर पंजाब रोड पर रोड़ावाली के पास कार का टायर फटने से हादसा हो गया। कार में सवार सभी लोग सादुलशहर निवासी थे और सभी पल्लू माता रानी के दर्शन करके वापस सादुलशहर लौट रहे थे। रोड़ावाली गांव के पास कार टायर फटने से अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 6 साल की मासूम गरिमा पुत्री विकास कुमार निवासी सादुलशहर की मौत हो गई। अंग्रेज सिंह ने बताया कि हादसे में 3 लोग घायल हो गए। जिनका जिला अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में इलाज चल रहा है। घायलों की पहचान लोकांत (12) पुत्र विपिन कुमार, रोमा (9) पुत्री विकास कुमार, सीमा देवी (41) पत्नी विकास कुमार निवासी सादुलशहर के रूप में हुई है। विपिन कुमार (43) पुत्र मानमल निवासी सादुलशहर कार को चला रहा था। वहीं जंक्शन थाने के एच.एम. पुरषोत्तम चौधरी ने बताया कि सड़क हादसे के बाद 6 साल की मासूम गरिमा का शव जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। परिजनों ने किसी भी प्रकार की पुलिस कार्रवाई नहीं करने का प्रार्थना पत्र पुलिस को सौंपा है।

**पंजाब एण्ड सिंध बैंक**
30-31, मोहन टॉवर, प्रिन्स रोड़, विद्युत नगर, अजमेर रोड़, जयपुर- 302021, फोन: 0141-2358628 ई-मेल: zo.jaipur@psb.co.in

**परशिष्ट-IVक {नियम 8(6) का परन्तुक देखें} अचल सम्पतियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

**प्रतिभूत हित (प्रर्वतन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।** आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी है, का **कब्जा** प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **"जहां है, जैसी है, और जो कुछ भी है"** के आधार पर दिनांक 03/03/2023 को बेचा जाएगा। ऋणी, गारन्टर प्रत्याभूति-दाता, आरक्षित ज्ञात ऋण भार सहित आरक्षित मूल्य अचल व अग्रिम धनराशि का विवरण निम्न तालिका अनुसार होगा।

| क्र. सं. | शाखा का नाम एवं ऋणी एवं जमानतदार का नाम | ज्ञात ऋण भार सहित अचल सम्पत्तियों का विवरण | वर्तमान बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / अग्रिम घरोहर राशि / बोली वृद्धि राशि | ई-नीलामी की दिनांक एवं समय | नोडल, अधिकारी नाम एवं नंबर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आर. के. कॉम्प्लेक्स, बीकानेर, हेड पोस्ट ऑफिस के पास बीकानेर, राजस्थान- 301705<br>(1) गोविन्द सिंह पुत्र राम सिंह<br>(2) चम्पा देवी पत्नि राम सिंह<br>(3) राकेश धोलपुरीया पुत्र संतोश देवी | प्लॉट नं. डी-।।-102 के दक्षिण भाग में स्थित है, नागांधी मंदिर बीकानेर के पूर्व की ओर, जिला-बीकानेर, राजस्थान मे स्थित है जो कि चम्पा देवी पत्नि राम सिंह, के नाम से है। चतुर्थ सीमाएं:- उत्तर :- डी- ।।-102, दक्षिण :- डी- ।।-101, पूर्व :- डी- ।।-119 एंव 118, पश्चिम :- रास्ता | रूपये 1523322.90 दिनांक 31.12.2022 तक + (आगे का ब्याज, लागत एवं खर्चे) | रू. 12,38,000/-<br>रू. 1,23,800/- अग्रिम धरोहर राशि जमा करवाने की अन्तिम तिथि 02/03/2023 सांय 04.00 बजे तक<br>रू. 10,000/- | 03/03/2023 को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक | श्री महावीर मीणा मो. नं. 7618246904 |
| 2. | आर. के. कॉम्प्लेक्स, बीकानेर, हेड पोस्ट ऑफिस के पास बीकानेर, राजस्थान- 301705<br>(1) मैसर्स करणी सीमेंट कम्पनी प्रोपराइटर श्रीमती किरण परिहार पत्नी श्री भंवर सिंह परिहार, (2) श्रीमती किरण परिहार पत्नी श्री भंवर सिंह परिहार, (3) श्री भंवर सिंह परिहार पुत्र श्री बने, (4) श्रीमती सुनीता सांखला पत्नी श्री राजकुमार, | प्लॉट नं. 67, राव बीकाजी नगर, तिलक नगर, मारवाड़ मोटर्स के पीछे, बीकानेर में स्थित है। | रूपये 3000043.88 दिनांक 31.12.2022 तक + (आगे का ब्याज, लागत एवं खर्चे) | रू. 49,03,000/-<br>रू. 4,90,300/- अग्रिम धरोहर राशि जमा करवाने की अन्तिम तिथि 02/03/2023 सांय 04.00 बजे तक<br>रू. 10,000/- | 03/03/2023 को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक | श्री महावीर मीणा मो. नं. 7618246904 |

**नोडल अधिकारी के अनुसार कार्यालय समय में निरीक्षण किया जायेगा।**
विक्रय के निबंधन और शर्तो के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए गए **पंजाब एण्ड सिंध बैंक की वेबसाईट** अथवा नोडल अधिकारी से तथा बोली जमा करने व ई-बोली प्रक्रिया के प्रशिक्षण हेतु मैसर्स सी-1, इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड, उद्योग विहार, फेज-2, गल्फ पेट्रोकेम बिल्डिंग नं. 301, गुड़गांव, हरियाणा-122015 **श्री भाविक पान्डेय मो. नं.** 08866682937, 7291981124/25/26, 0124-4302020/21/22/23/24, ईमेल: E-mail: gujarat@c1inida.com, support@bankeauctions.com पर सम्पर्क किया जा सकता है एवं वेबसाईट अर्थात् https://bankeauctions.com, http://ibapi.in पर देखें।

दिनांक: 31.01.2023 स्थान: बीकानेर

प्राधिकृत अधिकारी,
पंजाब एण्ड सिंध बैंक